पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सभी राजनैतिक दलों के नेता सदन को पत्र भेजा

शान्त एवं संयत मन से संयुक्त अधिवेशन में अभिभाषण का श्रवण करें - राज्यपाल

सदन चलाने में सहयोग करें तथा गरिमा बनाये रखें- श्री नाईक

लखनऊ: 27 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने राज्य विधान परिषद तथा विधान सभा के प्रमुख राजनैतिक दलों के नेता सदन को पत्र भेजा है। राज्यपाल ने अपने पत्र में कहा है कि जैसे संसद में माननीय राष्ट्रपति का अभिभाषण सांसदों द्वारा संयत और शान्त मन से श्रवण किया जाता है उसी प्रकार विधान सभा एवं विधान परिषद के संयुक्त अधिवेशन में उनका अभिभाषण बिना किसी व्यवधान के, शान्त एवं संयत मन से श्रवण किया जाय। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अपने दलों के सदस्यों के साथ सदन की गरिमा बनाये रखते हुए सदन चलाने में सहयोग करें।

श्री नाईक ने राष्ट्रपति सचिवालय से विधान परिषद एवं विधान सभा के संयुक्त अधिवेशन के निमित्त जो नये प्रोटोकाल नियम प्राप्त हुए हैं, की प्रति भी सभी को भेजी है।

अंजुम/ललित/राजभवन(32)